राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • शनिवार • 24 दिसम्बर • 2022

# एसए कुलपति डॉ. डीआर सिंह होंगे बिहार कृषि विवि सबौर के कुलपति

नपुर। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉ.
या राम सिंह को बिहार कृषि विवि सबौर के कुलपति पद पर
क्त किया गया है। राजभवन बिहार द्वारा जारी नियुक्ति
सूचना के अनुसार उनकी यह नियुक्ति चार्ज लेने से 5 वर्ष या
र्ष की उम्र पूरी होने तक जो भी पहले हो, के लिए की गई है।
सिंह अपना नया कार्यदायित्व कब ग्रहण करेंगे यह अभी तय
है। उनके बिहार कृषि विवि के कुलपति पद पर ज्वाइन करने
ाद सीएसए में फिलहाल किसी को कार्यवाहक कुलपति का
त्व सौंपा जा सकता है।



कुलपति डॉ. डीआर सिंह।

# बिहार कृषि विवि के वीसी बनेंगे डा. डी.आर. सिंह



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डा. डी.आर. सिंह को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर का कुलपति नियुक्त किया गया है। बिहार के राज्यपाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राबर्ट एल. चौंगथू ने बिहार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एक्ट 2010 के तहत पैनल के बाद डा. डी.आर. सिंह को नियुक्त किये जाने का नोटिफिकेशन जारी किया है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। सीएसए कानपुर के कुलपति डा. डी.आर. सिंह का कार्यकाल जनवरी के मध्यम में तीन साल पूरा हो रहा है।

अमर उजाला कानपुर 24/12/2022

# डॉ. डीआर सिंह बने बिहार कृषि विवि के कुलपति

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर का कुलपति नियुक्त किया गया है।

शुक्रवार को राज्यपाल सचिवालय बिहार की ओर से नियुक्ति पत्र जारी हुआ। वे कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से पांच साल तक कुलपति रहेंगे। अभी यहां उनका कार्यकाल 11 फरवरी तक है। विवि के प्रोफेसरों ने कुलपति को बधाई दी। (संवाद)

हिन्दुस्तान । www.livehind

24/12/2022

शहर 30s

# डॉ. डीआर सिंह बिहार कृषि विवि के वीसी

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ. डीआर सिंह (डॉ. दुनिया राम सिंह) को बिहार कृषिविश्वविद्यालय, सबौर का कुलपति बनाया गया है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। बिहार के राज्यपाल के प्रमुख सचिव राबर्ट एल चोंगथू ने पत्र जारी कर जानकारी दी है। डॉ. डीआर सिंह का सीएसए विवि में कुलपति पद का कार्यकाल फरवरी 2023 में पूरा हो रहा है। विवि के वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने कुलपति को बधाई दी है।

# चौधरी साहब किसानों के सच्चे हमदर्द थे

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र, दिलीपनगर द्वारा किया गया सम्मानित



**डीटीएनएन**

कानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र, दिलीपनगर एवं कृषि विभाग तथा अन्य विभागों के संयुक्त तत्वाधान में 23 दिसंबर को जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित ईको गार्डन परिसर में एक विशाल किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एक कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ मिथिलेश वर्मा ने समस्त किसानों एवं महिला किसानों को बताया कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हमदर्द थे।किसानों की तकलीफों को वे अपनी तकलीफ समझते थे।किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं को आज भी याद किया जाता है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. जलील खान ने मृदा परीक्षण एवं पोषक तत्व प्रबंधन विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रबी फसलों में खरपतवार प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ शशीकांत ने सर्दी के मौसम में पशुओं की देखभाल विषय पर जानकारी दी। डॉ निमिषा अवस्थी ने उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।गृह वैज्ञानिक डॉ. पुष्पा देवी ने किचन गार्डन के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान राजू राजपूत, चरण सिंह यादव, छुन्ना सिंह अरुणा, श्रीमती ज्योति देवी एवं रानी देवी सहित कुल जनपद के 6 किसानों को केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इन किसानों के द्वारा उद्यानिकी फसलों की खेती एवं उद्यानिकी तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है। इस अवसर पर जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जनपद के सांसद प्रतिनिधि, विधायक गण सहित लगभग 600 से अधिक किसानों ने सहभागिता की।



दैनिक जागरण कानपुर 24/12/2022

# बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति होंगे डीआर सिंह

जासं, कानपुर: चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. डीआर सिंह को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर का कुलपति नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को बिहार राजभवन की ओर से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी हुई। डा. सिंह वहां पांच वर्ष तक कुलपति रहेंगे।



सीएसए कुलपति डा. डीआर सिंह • जागरण आर्काइव

सीएसए विश्वविद्यालय में बतौर कुलपति डा. सिंह का कार्यकाल 11 फरवरी को पूरा होगा। इस बीच पांच जनवरी को विश्वविद्यालय में दीक्षा समारोह का भी आयोजन होगा, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। शुक्रवार को बिहार राज्यपाल के सचिवालय की ओर से सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में बतौर कुलपति डा. सिंह की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई। इससे सीएसए के तमाम शिक्षक व छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई और मिठाइयां भी बांटी गईं। कुलपति ने बताया कि सीएसए विश्वविद्यालय का कार्यकाल पूरा कर वह बिहार कृषि विश्वविद्यालय में कार्यभार संभालेंगे।

अमर उजाला कानपुर 24/12/2022

# चौधरी चरण सिंह थे किसानों के सच्चे हमदर्द

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस के मौके पर कानपुर देहात के कलक्ट्रेट में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। यहां एक कृषि मेला और कृषि प्रदर्शनी भी लगाई गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मिथिलेश वर्मा ने बताया कि चौधरी चरण सिंह किसानों के हमदर्द थे। यहां प्रगतिशील किसान राजू राजपूत, चरण सिंह यादव, छुन्ना सिंह, अरुणा, ज्योति देवी और रानी देवी को सम्मानित किया गया। **वहीं**, चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति और समाजवादी पार्टी की ओर से रामादेवी चौराहा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी हुआ। यहां सुरेश गुप्ता अभिनव कुमार, महेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद उस्मान, चंद्रेश सिंह विनोद यादव, महेंद्र सिंह यादव, मनोज यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

WORLD खबर EXPRESS

शुक्रवार 23 दिसंबर 2022 | अंक - 339

www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com

WORLD खबर एक्सप्रेस

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान कृषि विज्ञान केंद्र में हुए सम्मानित








कानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र, दिलीपनगर एवं कृषि विभाग तथा अन्य विभागों के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 23 दिसंबर 2022 को जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित ईको गार्डन परिसर में एक विशाल किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एक कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ मिथिलेश वर्मा ने समस्त किसानों एवं महिला किसानों को बताया कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हमदर्द थे किसानों की तकलीफों को वे अपनी तकलीफ समझते थे किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं को आज भी याद किया जाता है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने मृदा परीक्षण एवं पोषक तत्व प्रबंधन विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रबी फसलों में खरपतवार प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ शशीकांत ने सर्दी के मौसम में पशुओं की देखभाल विषय पर जानकारी दी। डॉ निमिषा अवस्थी ने उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गृह वैज्ञानिक डॉ. पुष्पा देवी ने किचन गार्डन के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान राजू राजपूत, चरण सिंह यादव, छुन्ना सिंह श्रीमती अरुणा, श्रीमती ज्योति देवी एवं श्रीमती रानी देवी सहित कुल जनपद के 6 किसानों को केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इन किसानों के द्वारा उद्यानिकी फसलों की खेती एवं उद्यानिकी तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हुई है। इस अवसर पर जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जनपद के सांसद प्रतिनिधि, विधायक गण सहित लगभग 600 से अधिक किसानों ने सहभागिता की।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
देश छोड़ने से दूर नहीं होगी नफरत... 12
श्रद्धांजलि सभा में शिद्दत से याद किए गए विक्रमाजीत... 10



जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 74
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
शनिवार | 24 दिसंबर, 2022

# सीएसए ने ईको गार्डन परिसर में मनाया किसान सम्मान दिवस

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कृषि विज्ञान केंद्र दिलीपनगर एवं कृषि विभाग तथा अन्य विभागों के संयुक्त तत्वाधान में बीते दिन शुक्रवार को जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित ईको गार्डन परिसर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय किसान सम्मान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।

इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. मिथिलेश वर्मा ने कहा कि चौधरी साहब किसानों की तकलीफों को अपनी तकलीफ समझते थे। वह किसानों के सच्चे हमदर्द थे। उन्होंने कहा कि उन्हें



किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं के लिए आज भी याद किया जाता है। केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने मृदा परीक्षण, पोषक तत्व प्रबंधन एवं रबी फसलों में खरपतवार की जानकारी दी। डॉ. शशीकांत ने सर्दी में पशुओं की बचाने के उपाय विस्तार के साथ लोगों को बताए।